www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , बुधवार,22 अप्रैल 2026


## सुविचार



ज्यामिति की रेखाओं और चित्रों में हम वे अक्षर सीखते हैं जिनसे यह संसार रूपी महा पुस्तक लिखी गयी है।

-गैलीलिओ

## बरेली के प्रमुख समाचार

- परदेस जाकर लाखों कमाए, साथ में एचआईवी लाए-II
- हीट वेव से बचाव को अस्पतालों में अभी से की जाएं उचित व्यवस्थाएं -III
- 25 अप्रैल तक झेलें भीषण गर्मी, 27 को बारिश की फुहारें दिलाएंगी राहत -IV

## न्यूज ब्रीफ

### हजयात्रियों के लिए टीकाकरण 23 को

**बरेली, अमृत विचार :** हज यात्रियों को 23 अप्रैल को प्रात : 10 .30 बजे अर्बन प्रा. स्वा. केन्द्र सिविल लाइंस में टीकाकरण होगा। बरेली हज सेवा समिति के पम्मी खां वारसी ने हजयात्रियों से अपील करते हुए कहा कि जिन हज यात्रियों (आजमीन-ए-हज) का टीकाकरण (वैक्सीनेशन) अभी तक नहीं हुआ है, उनके लिए विशेष सुविधा प्रदान की गई है।

## शहर में आज

- सेंट्रल यूपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सोसाइटी बरेली द्वारा साइबर अपराध पर एक गोष्ठी रात 8 :30 बजे अर्बन हाट ऑडिटोरियम में।
- जिला कांग्रेस कमेटी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक 11 :30 बजे।
- पृथ्वी दिवस पर बरेली कॉलेज द्वारा स्वच्छता जागरुकता रैली, वृक्षारोपण कार्यक्रम रैली का आरंभ चौकी चौराहा से सुबह 7 :30 बजे लोहिया पार्क तक।

## सबमर्सिबल कनेक्शनों पर लगेगा नियंत्रण

**बरेली, अमृत विचार:** जिले में लगातार गिरते भूजल स्तर को भविष्य के लिए बड़ा खतरा मानते हुए मंडलायुक्त भूपेंद्र. एस. चौधरी नेशहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अनियंत्रित रूप से बढ़ रहे सबमर्सिबल पंपों पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि वर्तमान में नई कॉलोनियों से लेकर गांवों तक बिना किसी अनुमति के धड़ल्ले से भारी मात्रा में जल दोहन किया जा रहा है, जिससे वाटर टेबल तेजी से नीचे जा रहा है। इसलिए संबंधित विभागों को नए कनेक्शनों पर कड़ी निगरानी रखने और अवैध रूप से चल रहे पंपों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही, भूजल दोहन से जुड़े नियमों को धरातल पर सख्ती से लागू करने पर जोर दिया गया है। मंडलायुक्त के निर्देशों के अनुसार, इन जलाशयों में वर्षा जल संचयन की पुख्ता व्यवस्था विकसित की जाएगी, ताकि बारिश का पानी व्यर्थ बहने के बजाय धरती के भीतर जाकर भूजल स्तर को रिचार्ज कर सके।

# कैंसर का घर-घर साया, संकट सबकी जिंदगी पर छाया

## खामोश त्रासदी के दौर से गुजर रहा बहेड़ी का मोहल्ला शाहगढ़, दर्जनों लोगों ने जांन गंवाई, कितने ही अभी बीमार




**शुऐब, बहेड़ी**

**अमृत विचार:** मीरगंज और आंवला के कई गांव में कैंसर संकट के बाद बहेड़ी भी खामोश त्रासदी से गुजरता नजर आ रहा है। यहां के मोहल्ला शाहगढ़ में यह खतरनाक बीमारी अभी तक दर्जनों लोगों की जान ले चुकी है और कितने ही इसकी गिरफ्त में जकड़े हैं। घर-घर मरीज हैं और उनके मंहगे इलाज में परिवार तबाह हो रहे हैं। एक-एक आंगन से कई-कई की मौत का डरावना सच पूरे इलाके को डरा रहा है मगर स्वास्थ्य विभाग मुसीबत में फंसे लोगों झांककर नहीं देख रहा।


'कैंसर क्लस्टर' बनकर उभरा प्रभावित शाहगढ़ बहेड़ी में बाईपास किनारे बसा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यहां कके वज़हुल कमर की मौत 12 सितम्बर 2025 को कैंसर से हुई थी। तीन साल पहले बीमारी का पता लगा। दिल्ली के एम्स तक इलाज कराया मगर जान नहीं बची। उनकी पत्नी नाजमा की जान 2021 भी कैंसर ने ले ली थी। ऐसे ही छोटे खां और उनके बेटे फईम को कैंसर निगल गया। हबीब खां, माजिद खां और सुलेमान खां भी कैंसर का शिकार बन गए। हबीब के बेटे ज़की खां बताते हैं कि बरेली से मेरठ तक पिता का इलाज कराया। बहुत पैसा खर्च हुआ और उनकी जान भी नहीं बची।

**बीमारी का डरावना आंकड़ा:** शाहगढ़ में कैंसर से मरने वालों में भूरा सलमानी पुत्र फिदा हुसैन, माजिद खां पुत्र मियां जान खां, हबीब खां, बाबू खां पुत्र छिद्दा खां, कमर खां पुत्र छम्मा खां, रईस बहादुर खां पुत्र शाद बहादुर खां, दूल्हा खां पुत्र जमाल खां, हाजी मोहम्मद नबी खां, आशिद खां पुत्र अलीशान खां, छोटे खां पुत्र रफ्शान खां, फईम पुत्र छोटे खां, तारिक पुत्र फजले हक, अनीस खां पुत्र नसीमुद्दीन खां और कल्बे अली पुत्र दिलावर खां शामिल हैं। कई लोग इलाज करा रहे हैं। मोहम्मद आकिल खां की भाभी पिछले दो साल से इलाज में हैं। अनीस और असगर भी उपचाराधीन हैं।

### कोई मसीहा आए, इन इंसानों को बचाए

बहेड़ी। शाहगढ़ मोहल्ले में घर-घर कैंसर संकट के बीच हैरानी है कि स्वास्थ्य विभाग अनजान है। शहर में सीएचसी और अर्बन हॉस्पिटल दोनों हैं। फील्ड स्टाफ भी है, लेकिन कैंसर के मामलों की कोई रिपोर्टिंग नहीं है। अर्बन हॉस्पिटल की इंचार्ज डॉ. इंदु रानी ने केवल शुगर के कुछ मरीज होने की बात कही है, जबकि सीएचसी अधीक्षक डॉ. विवेक सिंह ने भी किसी गंभीर बीमारी की जानकारी से इनकार किया। जबकि यहां लोग मनहूस कैंसर का नाम भी बोलने से डरते हैं और सिर्फ बड़ी बीमारी बोलकर अपनी पीड़ा बयां करते हैं। अधिकांश पीड़ित मिडिल या लोअर क्लास से हैं, जिनके लिए कैंसर की जांच और इलाज बेहद महंगा है। लोग शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और जब तक बीमारी सामने आती है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।

- तीन सगे भाई , पति-पत्नी और बाप-बेटे को निगल चुका कैंसर
- एक-एक घर से कई की जान गई, स्वास्थ्य विभाग ने आंखें मूंदीं



आसिफ अली खां के वालिद रहमत हसन खां को ब्लड कैंसर था, जबकि भाई सादिक खां और वाहिद खां को फेफड़ों का कैंसर। तीनों दुनिया से चले गए। आसिफ कहते है लोग कैंसर से मर रहे हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग वजह जानने की कोशिश तक नहीं कर रहा।



शमील खां की हालत इस त्रासदी का एक और चेहरा है। मजदूरी करने वाले 40 वर्षीय शमील पेट दर्द की शिकायत लेकर बरेली गए तो अल्ट्रासाउंड में कैंसर की आशंका सामने आई। छोटे-छोटे बच्चे हैं। मजदूरी कर पेट पाल रहे हैं। पैसे नहीं हैं, इसलिए देसी दवाएं ले रहे हैं।



सरताज कमर ने अपनी मां और पिता दोनों को खो दिया। वे बताते हैं कि मां का कैंसर देर से पता चला और कुछ ही महीनों बाद पिता भी उसी बीमारी की चपेट में आ गए। उनका इलाज एम्स में चला, लेकिन नतीजा वही रहा मौत।



मोईन खां ने अपने वालिद रईस बहादुर खां का 12 साल तक इलाज कराया। बरेली, पीजीआई लखनऊ और दिल्ली तक दौड़े मगर उन्हें बचाया नहीं जा सका। परिवार कहता है कि कैंसर क्यों घर-घर फैल रहा है, इसकी जांच हो।



अनीस रज़ा खां बताते हैं कि पत्नी को 2020 में कैंसर हुआ और अब भी इलाज चल रहा है। हमें पानी की गुणवत्ता पर शक हुआ। पालिका की पानी सप्लाई बंद कर दी। गहराई से जांच होना जरूरी है, लेकिन विभाग ध्यान नहीं दे रहा।



ताहिर खां को 2022 में गले में गांठ के बाद कैंसर का पता चला। भोजीपुरा अस्पताल में ऑपरेशन हुआ और वहीं इलाज जारी है। उनका कहना है कि आज तक स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी उनके हाल जानने नहीं आया।

# जितना विकास पर जोर, उतना उठा करप्शन का शोर

## मेयर डा. उमेश गौतम की अध्यक्षता में हुई नगर निगम की बोर्ड बैठक, गहमागहमी के बीच 1100 करोड़ का बजट पास

- 1100 करोड़ रुपये का बजट बिना पूरी चर्चा हुए पास करने की कोशिश पर पार्षदों ने सदन में किया हंगामा
- नगर आयुक्त की जांच में निर्माण विभाग के सैंपल फेल होने को विपक्ष ने उठाया शोर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



नगर निगम बोर्ड बैठक में अपनी बात रखते भाजपा-सपा के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम की बोर्ड बैठक में मंगलवार को हंगामा-शोर शराबे की गूंज रही। जितना विकास चर्चा हुई, उससे ज्यादा निर्माण विभाग में कथित भ्रष्टाचार और टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर बखेड़ा भी हुआ। जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सपा पार्षदों ने हर बार की तरह शोर उठाना शुरू कर दिया। आरोप-प्रत्यारोप के बीच महापौर ने केवल बजट पर बोलने की अनुमति देने की बात कही, जिससे माहौल और गरमा गया। भारी गहमागहमी के बीच आखिर में नगर निगम ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 1100 करोड़ रुपये का बजट पास कर दिया।

बोर्ड बैठक में सबसे पहले पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने अधूरे एजेंडा देने पर नाराजगी जताई और कहा कि हर बार की बैठक में इस बार इसको लेकर अंदेखी की गई। सपा पार्षद दल के नेता गौरव सक्सेना ने सीधे तौर पर निर्माण विभाग को भ्रष्टाचार का अड्डा करार दिया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जनता के विकास के लिए आने वाला पैसा फाइलों में ही दम तोड़ रहा है। सवाल उठाया कि जहां महापौर कैंप कार्यालय के सौंदर्यीकरण के लिए 10 बार टेंडर निकल सकते हैं, वहीं वार्डों की टूटी सड़कों और नालियों के लिए टेंडर प्रक्रिया महीनों तक क्यों लटकी रहती है। उन्होंने नगर आयुक्त की उस जांच का हवाला भी दिया जिसमें निर्माण कार्यों के सैंपल फेल पाए गए थे। बैठक में अन्य पाषर्दों की कोहड़ापीर अतिक्रमण अभियान को लेकर भी तीखी बहस हुई। वहीं, जब महापौर ने बिना पूरी चर्चा के बजट पास करने की कोशिश की, तो सपा पार्षदों ने सदन में हंगामा और नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके बाद मजबूरन महापौर को चर्चा दोबारा शुरू करानी पड़ी। बैठक में नगर आयुक्त संजीव मौर्य, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी समेत अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ग्रिड योजना से जुड़े सभी कार्यों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### आवारा कुत्तों पर खर्च हुए 36 लाख, फिर भी नहीं थमी संख्या

सदन में आवारा कुत्तों का मुद्दा भी काफी गर्माया रहा। पार्षद अब्दुल क्यूम मुन्ना ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब तक कुत्तों के बधियाकरण पर 36 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन नतीजा सिफर है। उन्होंने सदन में मौजूद सभी पार्षदों से पूछा कि क्या कुत्तों की संख्या कम हुई है? इस पर सभी ने एक सुर में सहमति जताई कि कुत्तों का आतंक और संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### 120 करोड़ से सुधारी जाएंगी सड़कें, 30 हजार नई लाइटों से रोशन होंगे स्मार्ट सिटी के वार्ड

शहर की बदहाल सड़कों को सुधारने और नए निर्माण के लिए सबसे अधिक 120 करोड़ का प्रावधान किया गया है। सभी 80 वार्डों को रोशन करने के लिए 30 हजार नई स्ट्रीट लाइटों की खरीद के लिए 20 करोड़ स्वीकृत हुए हैं। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए 15 करोड़ आवंटित किए गए हैं। हर घर तक शुद्ध पानी और सीवर लाइन पहुंचाने के लक्ष्य के साथ 10 करोड़ का शुरुआती फंड रखा गया है। इसके अलावा शहर के 330 पार्कों के कायाकल्प और ग्रीन बरेली अभियान के लिए 10 करोड़ की राशि तय की गई है। आवारा कुत्तों की नसबंदी और नंदीशाला के संचालन जैसे कार्यों के लिए भी करोड़ों का अलग से प्रावधान है। पिछले 600 करोड़ रुपये के लक्ष्य को बढ़ाते हुए इस बार 750 करोड़ रुपये की आय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### टैक्स डिपा. की 'कुर्सियों' पर जमे चेहरों को लेकर भी सवाल

पार्षद राजेश अग्रवाल ने भ्रष्टाचार की जड़ पर चोट करते हुए कहा कि टैक्स विभाग में आउटसोर्सिंग पर तैनात कर्मी लंबे समय से एक ही कुर्सी पर जमे हुए हैं। इनकी मिलीभगत से विभाग में मनमानी चल रही है। उन्होंने मांग की कि पारदर्शिता लाने के लिए इन कर्मियों का पटल परिवर्तन किया जाए और उन्हें दूसरे विभागों में भेजा जाए, ताकि भ्रष्टाचार की चेन को तोड़ा जा सके।

### मालियों से कराई जा रही पेंटिंग, पार्कों की सुध कौन लेगा

पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने पार्कों के रखरखाव की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिन मालियों की जिम्मेदारी पार्कों को संवारने की है, उनसे दीवारों की पेंटिंग का काम लिया जा रहा है। यह संसाधनों का दुरुपयोग है। इसके साथ ही उन्होंने बोर्ड बैठक के एजेंडे की तकनीकी खामियों और प्रपत्र-बी को शामिल न किए जाने पर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया।

# इंडस्ट्रीयल टाउनशिप के लिए भूमि खरीद आज से

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- 126 हेक्टेयर भूमि पर रसूला चौधरी समेत चार गांव के 600 किसान दे चुके हैं सहमति
- चार गुना दर पर खरीदी जाएगी भूमि, बीडीए की टीमें आज से सहमति पत्र लेना करेंगी शुरू



**अमृत विचार:** दिल्ली हाईवे किनारे 126 हेक्टेयर में विकसित की जाने वाली इंडस्ट्रीयल टाउनशिप के लिए भूमि खरीद की प्रक्रिया आज से औपचारिक रूप से शुरू होगी। इस परियोजना के लिए तहसील बरेली के ग्राम रसूला चौधरी और तहसील मीरगंज के भिटौरा नौगंवा उर्फ फतेहगंज पश्चिमी, चिटौली और रहपुरा जागीर के 600 किसानों से सीधे भूमि क्रय की जाएगी। विशेष अभियान में बीडीए की टीमें किसानों से सहमति पत्र प्राप्त करेंगी, ताकि टाउनशिप के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके।

अधिकारियों का कहना है कि जिस तरह रामगंगा नगर परियोजना ने शहर के आवासीय विस्तार को नई दिशा दी थी, उसी तर्ज पर यह इंडस्ट्रीय टाउनशिप बरेली को ''इंडस्ट्रियल हब'' के रूप में पहचान दिलाएगी। बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकंडन. ए का कहना है कि भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इस टाउनशिप में विश्वस्तरीय सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। यहां चौड़ी सड़कों, उन्नत ड्रेनेज सिस्टम और निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ-साथ उद्यमियों के लिए आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। कहा कि यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप न सिर्फ बड़े निवेश आकर्षित होंगे, बल्कि स्थानीय स्तर पर हजारों रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। यह परियोजना बरेली के आर्थिक विकास को नई दिशा देगी। सरकार की नीति के अनुरूप तेजी से कार्य करते हुए इसे समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा, ताकि निवेशकों और युवाओं को इसका सीधा लाभ मिल सके।

# सिटी स्टेशन रोड से पूरी तरह से हटा ट्रैफिक प्रतिबंध

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



सिटी रोड से गुजरते वाहन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** करीब दो महीने से धूल और डायवर्जन की मार झेल रहे शहरवासियों के लिए मंगलवार को सिटी स्टेशन रोड को सभी प्रकार के वाहनों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। पीडब्ल्यूडी और ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त निरीक्षण के बाद लिए गए इस फैसले से हजारों लोगों को बड़ी राहत मिली है।

चौपुला पुल से किला क्षेत्र को जोड़ने वाली यह सड़क शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शुमार है। जलभराव के कारण यह मार्ग अक्सर क्षतिग्रस्त हो जाता था, इस गंभीर समस्या का स्थायी हल निकालने के लिए नगर निगम ने पांच करोड़ रुपये का विशेष बजट पीडब्ल्यूडी को आवंटित किया था। इसके तहत 1200 मीटर लंबी हाई-क्वालिटी सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। सड़क निर्माण के दौरान वन-वे ट्रैफिक और लंबे डायवर्जन की वजह से आम जनता को रोजाना भीषण जाम से जूझना पड़ रहा था। पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता भगत सिंह ने बताया कि पिछले सप्ताह केवल दोपहिया वाहनों और ई-रिक्शा को अनुमति दी गई थी, अब सड़क को भारी वाहनों यानी बस और ट्रकों के लिए भी पूरी तरह खोल दिया गया है।

### उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मद्देनजर फैसला

बरेली में 24 अप्रैल से शुरू हो रहे 36वें उर्स-ए-ताजुश्शरिया को देखते हुए प्रशासन ने सिटी स्टेशन रोड को पूरी तरह खोलने का निर्णय लिया है। 23 अप्रैल को निकलने वाले पारंपरिक ''परचम कुशाई'' जुलूस और देश-विदेश से आने वाले हजारों अकीदतमंदों की सुविधा के लिए पीडब्ल्यूडी ने यह कदम उठाया है। एक्सईएन के अनुसार, उर्स के दौरान जायरिनों की बसों के भारी दबाव को देखते हुए शासन के निर्देश पर सड़क बहाल की गई है, ताकि यातायात सुचारू बना रहे।

## अब ईंट पजाया से आदिनाथ चौक तक साफ हुए होर्डिंग

**बरेली, अमृत विचार:** शहर की खूबसूरती बिगाड़ने और राजस्व को चपत लगाने वाले अवैध विज्ञापनों के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। मंगलवार को नगर निगम के विज्ञापन विभाग की टीम ने ईंट पजाया चौराहे से सिलेक्शन प्वाइंट होते हुए आदिनाथ चौक तक अभियान चलाया। सड़क किनारे और खंभों पर बिना अनुमति लगाए गए दर्जनों अवैध होर्डिंग, बैनर और कियास्क को टीम ने जब्त कर लिया। कार्रवाई से अवैध प्रचार करने वाले विज्ञापन एजेंसियों और दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

# उर्स व भर्ती परीक्षा लेकर प्रशासन सतर्क, चप्पे-चप्पे पर रहेगा फोर्स

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



बैठक में मंडलायुक्त भूपेंद्र .एस. चौधरी, एडीजी रमित शर्मा व अन्य अफसर।

- पुलिस लाइन सभागार में एडीजी और मंडलायुक्त ने अफसरों और आयोजकों के साथ की बैठक
- जनपद में 24 और 25 को उर्स, 25, 26 और 27 अप्रैल को होमगार्ड की होगी परीक्षा

**अमृत विचार:** जनपद में 24 व 25 अप्रैल को होने वाले उर्से ताजुश्शरिया को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पुलिस लाइन सभागार में मंगलवार को एडीजी रमित शर्मा और मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में सुरक्षा व्यवस्था का खाका खींचा गया। अधिकारियों ने दो टूक कहा कि उर्स के दौरान गंगा-जमुनी तहजीब कायम रहनी चाहिए और नई या गैर-परंपरागत गतिविधि को अनुमति नहीं दी जाएगी। पूरे कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों को 3 सुपर जोन, 5 जोन और 13 सेक्टरों में बांटकर भारी पुलिस बल तैनात किया जा रहा है, ताकि शांतिपूर्ण परिवेश में उर्स संपन्न हो सके।

इस बार प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती है, 24 और 25 को उर्स, इसके बाद 25, 26 और 27 अप्रैल को होमगार्ड भर्ती परीक्षा भी है। एडीजी रमित शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वालंटियर और ट्रैफिक पुलिस इस तरह समन्वय बैठाए कि परीक्षार्थियों को अपने केंद्रों तक पहुंचने में कोई बाधा न आए। एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया कि झुमका तिराहा, परसाखेड़ा, कुदेशिया अंडरपास, नैनीताल रोड आदि रूटों पर डायवर्जन किया जाएगा। सीएमओ डा. विश्राम सिंह ने बताया कि 102 और 108 एम्बुलेंस व मेडिकल मोबाइल यूनिट के साथ ही स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएंगे। मंडलायुक्त ने जायरीनों की सुविधा के लिए नगर निगम को साफ-सफाई और जलकल विभाग को निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने आयोजकों को सख्त हिदायत दी कि सभी वालंटियर्स को नंबरिंग वाले आईडी कार्ड जारी किए जाएं, जिनकी सूची पुलिस के पास अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। पुलिस प्रशासन सोशल मीडिया की भी मॉनिटरिंग कर रहा है ताकि कोई भी भ्रामक या विवादित पोस्ट माहौल खराब न कर सके। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि सड़कों की मरम्मत और प्रकाश व्यवस्था जैसे कार्यों का सत्यापन किया जा चुका है।

आला अधिकारियों ने रात की गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने का आदेश दिया है, जिससे जनपद में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद बनी रहे। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी देहात मुकेश चन्द्र मिश्र, एसपी क्राइम मनीष सोनकर, एसपी यातायात मो. अकमल खान सहित अन्य अफसर मौजूद रहे।

# जून में खोल दिया जाएगा नवदिया झादा फ्लाइओवर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- 980 मीटर लंबे फ्लाईओवर पर दौड़ेंगे वाहन, एप्रोच मार्ग का काम अंतिम चरण में
- लखनऊ-दिल्ली हाईवे का सफर होगा आसान, बरेली को मिलेगी नई रफ्तार



बड़ा बाईपास पर बनाई जा रही सड़क। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखनऊ-दिल्ली हाईवे और नैनीताल रोड पर सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। जिले के सबसे खतरनाक ''ब्लैक स्पॉट'' नवदिया झादा चौराहे पर बन रहे 980 मीटर लंबे सिक्सलेन फ्लाइओवर का निर्माण अंतिम पड़ाव पर है। एनएचएआई का अनुमान है कि जून माह के अंत तक इस फ्लाईओवर को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा।

करीब 29.83 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस फ्लाईओवर को इसी साल जनवरी के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन पिछले साल चार महीने तक हुई बेमौसम और भारी बरसात ने निर्माण कार्यों में बाधा उत्पन्न कर दी थी। अब जून तक की नया डेडलाइन तय की है। वर्तमान में नैनीताल की तरफ का एप्रोच मार्ग पूरी तरह तैयार है, जबकि शाहजहांपुर की ओर जाने वाले एप्रोच मार्ग पर काम चल रहा है। दावा है अप्रैल के भीतर सिविल कंस्ट्रक्शन पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद मई और जून में पेंटिंग, लाइटिंग और फिनिशिंग जैसे जरूरी काम निपटाकर इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

**अंडरपास से आसान होगी राह:** फ्लाइओवर के निर्माण के साथ ही बरेली-बीसलपुर रोड के यात्रियों के लिए भी राहत की बड़ी योजना तैयार की गई है। वर्तमान में बीसलपुर रोड पर आने-जाने वालों को दोनों तरफ करीब एक किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है। इस समस्या को खत्म करने के लिए एनएचएआई फ्लाईओवर के ठीक नीचे एक अंडरपास का निर्माण कर रहा है। इसके शुरू होने से लखनऊ-दिल्ली हाईवे के नीचे से बीसलपुर रोड का यातायात बिना किसी बाधा के सीधे गुजर सकेगा।

> नवदिया झादा चौराहे पर सिक्सलेन फ्लाईओवर का निर्माण काफी हद तक पूरा हो चुका है। परियोजना की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच की जा रही है। दोनों ओर एप्रोच रोड का कार्य अंतिम चरण में है। विभाग का लक्ष्य है कि जून के अंत तक निर्माण कार्य को पूरी तरह संपन्न कर इसे आम जनता और वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाए।
> – **अरविंद कुमार**, पीडी एनएचएआइ, मुरादाबाद

**न्यूज ब्रीफ**

### मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

सीबीगंज, अमृत विचार : गांव पस्तोर निवासी नीरज पत्नी सोमपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 14 अप्रैल को मायके गई थी। सोमवार को लौटी तो घर का ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता के अनुसार घर से वाशिंग मशीन, गैस सिलेंडर, पीतल के बर्तन, अलमारी में रखे चांदी के गुच्छे, सोने का नथ समेत अन्य सोने-चांदी के आभूषण गायब मिले। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घरौनी की जांच में फर्जी हस्ताक्षर कर लगाई रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : ग्राम रजपुरा माफी के ओम प्रकाश ने लेखपाल पर जालसाजी का आरोप लगाया है। जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को जांच सौंपी है। ओमप्रकाश ने बताया कि लेखपाल ने घरौनी को गलत गाटा संख्या में मिलाकर करीब डेढ़ बीघा की फर्जी तस्वीर पेश कर दी। इस विसंगति के खिलाफ जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की गई, तो लेखपाल ने दफ्तर में बैठकर ही मौका फर्द तैयार कर ली और उस पर पीड़ित के फर्जी दस्तखत बना दिए। ओम प्रकाश का कहना है कि लेखपाल न तो कभी जांच के लिए मौके पर आए और न ही उनसे कोई संवाद किया गया।

# परदेस जाकर लाखों कमाए, साथ में एचआईवी लाए

## स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों से बढ़ी चिंता, बरेली में अब तक सामने आए सबसे ज्यादा एचआईवी संक्रमित, मंडल में दूसरे नंबर पर बदायूं

- स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में सामने आया डरावना सच
- प्रभावित लोगों में ज्यादातर बाहर से संक्रमित होकर लौटे
- अधिकतर संक्रमित लोगों की उम्र 25 से 45 साल के आसपास

आसिफ अंसारी, बरेली

**अमृत विचार:** रोजी-रोटी की तलाश में घर छोड़ बाहर जा रहे कामगार जाने-अंजाने बड़े खतरे की चपेट में आ रहे हैं। नासमझ कामगारों पर परदेस में एचआईवी संक्रमण झपट्टा मार रहा है और वे जानलेवा मुसीबत साथ लेकर अपने शहर-गांव लौट रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग आंकड़े बरेली जिले की चिंताएं ज्यादा बढ़ाने वाले हैं। मंडल में अभी तक सामने आए संक्रमित लोगों में आधे के करीब बरेली के ही निकले हैं। खतरे के लिहाज से बदायूं दूसरे, शाहजहांपुर तीसरे और पीलीभीत सबसे कम मरीजों के साथ चौथे नंबर पर दिखाई दे रहा है। 25 से 45 साल तक की उम्र वालों में सबसे अधिक संक्रमण प्रसार पाया गया है, जो नौजवानों के भटकाव का बड़ा संकेत माना जा सकता है।

मंडल का एंटीरेट्रो वायरल थेरेपी (एआरटी) सेंटर बरेली जिला अस्पताल में संचालित है, जहां एचआईवी संक्रमित लोग लगातार पहुंच रहे हैं। सेंटर के डाटा के अनुसार, बरेली, बदायूं,




जिला अस्पताल में स्थित एआरटी सेंटर। ● अमृत विचार

शाहजहांपुर, पीलीभीत में अभी तक एचआईवी पीड़ित मरीजों का आंकड़ा 7 हजार के पार पहुंच गया है, जो खासी चिंता का कारण है। काउंसलिंग में 85 फीसदी लोगों में एचआईवी संक्रमण की वजह असुरक्षित यौन संबंध सामने आए हैं। इसमें भी महिलाओं की तुलना में पुरुषों की संख्या कई गुना ज्यादा है। मनोचिकित्सक डॉ. आशीष कुमार ने ''अमृत विचार'' को बताया कि काउंसलिंग सेंटर में कई बच्चे भी संक्रमण का शिकार होकर पहुंचते दिखे हैं, जो नशे की लत के आदी थे और संक्रमित सुई से नश करने की वजह से दिक्कत में आ गए।

**पुराने शहर में अधिक मामले आ रहे सामने :** आंकड़ों के आइने में बरेली के अंदर पुराना शहर एरिया में काफी ज्यादा एचआईवी संक्रमित लोग होने की बात सामने आई है। इस लिहाज से तीन मोहल्ले बेहद संवेदनशील माने गए हैं, जहां के रहने वाले कितने ही लोग काम-धंधे की तलाश में दूसरे राज्यों में गए और वहां से संक्रमण साथ लेकर लौटे। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ऐसी संवेदनशील जगहों पर समय-समय कैंप लगाकर जांच की जा रही हैं। जांच में जो मरीज एचआईवी पीड़ित मिले उनका ऑनलाइन डाटा फीड करने के बाद इलाज के साथ निगरानी शुरु कर दी गई है। बता दें कि बरेली शहर-देहात से बड़ी संख्या में काम की तलाश में दूसरे राज्यों को जाते हैं। एचआईवी संक्रमित लोगों में अधिकतर वही पाए जा रहे हैं, जो बाहर से लौटकर आए हैं। इससे जिले में चिताएं बढ़ रही हैं।

### खतरा शरीर में लेकर 150 से अधिक लापता

विशेषज्ञों का कहना है कि जांच के बाद अगर किसी मरीज में एचआईवी की पुष्टि होती है तो विभाग की तरफ से उसकी निगरानी की जाती है। जिला अस्पताल में बने एआरटी सेंटर में एचआईवी पीड़ित मरीजों की देखभाल, उपचार और मॉनीटरिंग जारी रहती है। मौजूदा समय में 150 से अधिक एचआईवी पीड़ित ऐसे मरीज हैं, जो सेंटर के रिकार्ड में तो हैं मगर काउंसलिंग व ट्रीटमेंट से गायब चल रहे हैं। ऐसे लोग समाज के लिए अधिक खतरा बन सकते हैं। टीमें उनकी तलाश में जुटी हैं।

### 7015 मरीजों में पीलीभीत की संख्या सिर्फ 875

आंकड़ों में देखें तो 2012 से शुरू हुई निगरानी की प्रक्रिया में अभी तक बरेली मंडल के चार जिलों में 7015 एचआईवी संक्रमित लोग सामने आए। इनमें बरेली जिले में सबसे अधिक 3382, बदायूं में 1304, शाहजहांपुर में 978 और पीलीभीत के 875 निकले हैं। सभी मरीजों का एआरटी सेंटर में इलाज किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल के अलावा कई निजी संगठन भी एचआईवी प्रभावित लोगों के इलाज व देखभाल में हाथ बंटा रहे हैं।

> मंडल में अब तक 7 हजार से अधिक मरीज एचआईवी के मिल चुके है। जिसमें सबसे अधिक बरेली के हैं। सभी मरीजों की निगरानी करके एआरटी सेंटर में उपचार किया जा रहा है। कई मरीज गायब भी हैं। - **डॉ. संजीव मिश्रा**, चिकित्सा अधिकारी एआरटी सेंटर

### संक्रमण की वजह

- संक्रमित व्यक्ति से यौन संबंध बनाना।
- इंजेक्शन से नशीली दवा लेने के दौरान।
- संक्रमित गर्भवती के गर्भस्थ शिशु को।

### लक्षण

- गले या बगल में सूजन भरी गिल्टी
- लंबे समय तक बुखार का न उतरना
- वजन कम व जुकाम ठीक न होना

### बचाव के उपाय

- यौन संबंध बनाने के दौरान कंडोम का प्रयोग।
- संक्रमित महिलाएं गर्भधारण से बचें।
- बगैर जांच किए गए रक्त चढ़ाने से बचें।
- नशीली दवा ले रहे व्यक्ति दूरी बनाकर रखे।

## तीन पशु तस्करों पर 20-20 हजार का इनाम घोषित

**बरेली, अमृत विचार:** भोजीपुरा थाना क्षेत्र में गोकशी के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों पर एसएसपी ने 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। तीनों आरोपी इज्जतनगर क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं और कई घटनाओं में शामिल रहे हैं।


29 मार्च को भोजीपुरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल निवासी गुड्डी पत्नी यामीन उर्फ मोती के घर पर छापेमारी की थी। इस दौरान मौके से करीब 135 किलो गोवंशीय मांस, एक कुल्हाड़ी, दो छुरियां, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और दो रस्सियां बरामद की गई थीं। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, छापेमारी के दौरान उसके तीन बेटे रिजवान, फईम और अजीम अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में थाना भोजीपुरा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि तीनों आरोपी फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। अब तीनों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

# फर्जी वर्दीवाला हसन करता था चौकी में मौज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पुलिस के साथ रहकर उनकी वर्दी पुलिस के साथ रहकर उनकी वर्दी पहने वाले वाला फर्जी पुलिसकर्मी लाड़ला 420 के कई और वीडियो सामने आए है। इसमें एक वीडियो वह खुद बना रहा है। उस वीडियो में वह चौकी पर लेटा हुआ है और पूरी चौकी में बेखौफ सिपाही की तरह घूम रहा है।

कंजादासपुर निवासी हसन खान को बेशक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। लेकिन उसकी गिरफ्तारी का दुख चौकी पुलिस को जरूर है। जिस चौकी में वह सिपाही बनकर घुमता था। लेटता, खाता, पीता और सोता था। वहीं की पुलिस ने एक्स पर पोस्ट की गई एक शिकायत पर उसे गिरफ्तार कर लिया। जो लोग हसन को जानते है वह सोशल मीडिया पर उसे पुलिस के लिए उगाई करने वाला बता रहे है। इतना ही नहीं कुछ लोगों का कहना है कि वह बैरियर वन चौकी का खास था, आने जाने वाले लोगों से वसूली करना उसका काम था। उसका एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें चौकी में लेटा हुआ है। उसके बाद वहां काम करने वाले सिपाहियों का वीडियों ऐसे बना रहा है जैसे की वह खुद पुलिसवाला हो।



चौकी में मस्ती करता हसन।



सलाखों में आरोपी। ● अमृत विचार


- चौकी में आराम फरमाता दिख रहा है फर्जी सिपाही बनकर घूमने वाला हसन खान
- बैरियर वन का बताया जा रहा है वीडियो, एक्स पर पोस्ट करके अफसरों को दी जानकारी

# सुभाषनगर में फौजी की पत्नी की दिनदहाड़े हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र की वैष्णो धाम कॉलोनी में मंगलवार को दिनदहाड़े घर के अंदर अकेली महिला की हत्या कर दी गई। मारी गई गीता देवी के पति भारत सिंह यादव सेना में हैं। घटना के समय वह घर में अकेली थीं। आशंका है कि कातिल ने गला दबाकर उनकी जान ली और फरार हो गया। पुलिस मामले की तह में जाने को सीसीटीवी को खंगाल रही है। एक संदिग्ध फुटेज भी सामने आई है।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि गीता यादव (40) दो बच्चों के साथ घर में रहती थीं। पति भारत सिंह आर्मी में फिरोजपुर (पंजाब) में तैनात हैं। मंगलवार को दोनों बच्चे सुबह के समय स्कूल गए हुए थे। जब उनकी भतीजी शीतल घर पहुंची तो दस्तक के बाद भी गेट नहीं खुला। आशंकित होकर शीतल ने भाई सचिन को सूचना दी तो वह तुरंत ही आ गए। घर का दरवाजा खोलकर देखा तो गीता यादव ड्राइंग रूम में पड़ी थी। परिजन उन्हें तत्काल पास के हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घर में किसी तरह का कोई सामान बिखरा हुआ नहीं था। हालात देखकर लगा कि कातिल सिर्फ हत्या के मकसद से ही अंदर पहुंचा और वारदात को अंजाम देने के बाद वहां से निकल गया।



सीसीटीवी में कैद संदिग्ध।



मृतका गीता यादव। ● अमृत विचार

- घर के ड्राइंग रूम में मिली लाश कातिल की तलाश में सीसीटीवी की मदद ले रही पुलिस

### सीसीटीवी में नजर आया संदिग्ध

फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अहम साक्ष्य जुटाए हैं। जांच के दौरान घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति घर में प्रवेश करता हुआ दिखाई दे रहा है। वह पहचान छिपाने के लिए हाथ में छाता लिए हुए है और उसके पास एक बैग भी नजर आ रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### कोई अपना ही तो नहीं कातिल

सुभाषनगर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक महिला की गला घोंटकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। पुलिस को आशंका है कि कोई करीबी ही महिला का कातिल है। उसे सारी जानकारी थी। सीसीटीवी की जानकारी भी उसको थी। इसलिए उसने पहचान छुपाने के लिए छाता लिया था। शीतल ने बताया कि उसकी 11 बजे से सवा 11 बजे के बीच गीता फोन पर बात हुई थी। इसके बाद जब वह 12 बजे घर पहुंची तो गेट अंदर से बंद था। 45 मिनट के अंदर ही कातिल ने महिला की हत्या की है। हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

> महिला का शव उसके घर में मिला है। हत्या की आशंका है। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण सामने आ जाएगा। पुलिस जांच में जुटी है। - **मानुष पारिक**, एसपी सिटी

# डिवाइडर से टकराई कार युवक की मौत, सात लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार:** बरेली-दिल्ली हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत सात लोग घायल हो गए।

हादसा परसाखेड़ा स्थित रोड नंबर चार के पास मंगलवार तड़के करीब चार बजे हुआ। सभी लोग कैंट थाना क्षेत्र के गांव वभिया में शादी समारोह से ईको कार में लौट रहे थे। कार पश्चिमी के ग्राम ओध निवासी प्रथम कुमार चला रहा था। बताया जा रहा है कि रास्ते में चालक को झपकी आ गई, जिससे कार डिवाइडर में जा घुसी। गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे में मीरापुर निवासी 30 वर्षीय हीरालाल की मौके पर ही मौत हो गई। प्रिंस प्रजापति, नितिन, संजीव, पंकज, राहुल, सचिन समेत चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



- शादी से लौट रहे थे सभी, तेज टक्कर से गाड़ी के उड़े परखच्चे

## साइबर सेल की हैट्रिक, मोबाइल रिकवरी में फिर प्रथम

**बरेली, अमृत विचार:** जनपद की साइबर सेल टीम ने मोबाइल रिकवरी में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल किया है। लगातार तीसरी बार अव्वल रहकर टीम ने अपनी कार्यकुशलता साबित की है।

पुलिस के मुताबिक फरवरी माह में साइबर सेल ने सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिले के सभी थानों के साथ समन्वय स्थापित किया। इसके बाद मार्च माह में खोए मोबाइल फोन की बरामदगी पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जनपद में कुल 191 मोबाइल फोन खोने की शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से साइबर सेल ने 144 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, लखनऊ द्वारा जारी रैंकिंग में बरेली ने इन आंकड़ों के आधार पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन संबंधित लोगों को विधिवत वापस सौंप दिए गए हैं।

# कलावा और तिलक लगाने को लेकर लेंसकार्ट के शोरूम में किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** डीडीपुरम और फीनिक्स मॉल स्थित लेंसकार्ट शोरूम में उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कर्मचारियों पर हिंदू धार्मिक प्रतीकों के प्रयोग पर कथित पाबंदी का विरोध किया।

आरोप है कि कंपनी ने एक आदेश जारी किया था, जिसके तहत कर्मचारियों के कलावा बांधने, तिलक लगाने और महिला कर्मचारियों के सिंदूर व बिंदी लगाने पर रोक लगा दी गई थी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शोरूम में सभी कर्मचारियों को समझाते हुए कलावा बांधा और तिलक लगाया। इस दौरान महानगर मंत्री संजय शुक्ला ने शोरूम मैनेजर शुभम से दूरभाष पर वार्ता की। मैनेजर ने स्पष्ट किया कि कंपनी की ओर से ऐसी कोई मनाही नहीं है और आश्वासन दिया कि अगले दो दिनों में सभी हिंदू कर्मचारी कलावा धारण किए हुए नजर आएंगे। विरोध प्रदर्शन के दौरान महानगर संयोजक केवलानंद गौड़, विभाग संयोजक नीरज चौरसिया सहित राजकुमार राजपूत, वीरेंद्र यादव, सचिन सागर आदि मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट कहा कि वह धार्मिक पहचान और आस्था के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं करेंगे।




लेंसकार्ट शोरूम में विरोध जताने पहुंचे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध
- शोरूम में हिंदू कर्मचारियों को बांधा कलावा और लगाया तिलक

## ड्रग माफिया पर शिकंजा, तीन गैंग चिह्नित, एक पर पिट एनडीपीएस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फतेहगंज पश्चिमी, भमोरा और बदायूं से जुड़े नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार**, बरेली रेंज में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने तीन गैंगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इन गैंगों में बरेली और बदायूं जनपद के कई शातिर तस्करों के शामिल होने की बात सामने आई है। वहीं, कुख्यात ड्रग माफिया अकरम पर पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई करते हुए शासन ने उसे एक वर्ष के लिए निरुद्ध करने के आदेश जारी किए हैं।

डीआईजी अजय सहानी ने बताया कि गैंग संख्या डी-272/25 में 7 सदस्य हैं, जिसका नेतृत्व अकरम पुत्र बाबू निवासी नई बस्ती सराय, कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी कर रहा था। यह गैंग लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी में लिप्त बताया जा रहा है। वहीं, गैंग संख्या डी-273/25 में दो सदस्य शामिल हैं, जिसका लीडर वीरेंद्र निवासी ग्राम चकरपुर थाना भमोरा है। इसके अलावा गैंग संख्या डी-276/25 में छह सदस्य हैं, जिसका नेतृत्व जतन कश्यप निवासी ग्राम करतौली थाना बिनावर, जनपद बदायूं कर रहा है।

पुलिस के अनुसार, तीनों गैंगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी और इनके नेटवर्क को लेकर खुफिया जानकारी भी जुटाई जा रही थी। इन गिरोहों का संबंध नशे की सप्लाई चेन से जुड़ा हुआ पाया गया है। इसके अलावा, पुलिस ने कुख्यात ड्रग तस्कर अकरम पुत्र बाबू के खिलाफ पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की है। शासन द्वारा उसे एक वर्ष के लिए निरुद्ध करने का आदेश जारी किया गया है। यह कार्रवाई नशे के नेटवर्क को कमजोर करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**मॉर्डन पुलिसिंग** — पीड़ित- चश्मदीद और आरोपियों के बयान से लेकर क्राइम सीन तक के वीडियो ऐप पर हो रहे अपलोड

# ई-एविडेंस अचूक हथियार, कानूनी मोर्चे पर होगी नैया पार

संजय शर्मा, बरेली

**अमृत विचार:** क्राइम सीन से लेकर इन्वेस्टीगेशन तक 'ई-साक्ष्य' प्रणाली पुलिस के लिए वरदान साबित होने लगी है। सबूतों से छेड़छाड़ के आरोप लगना लगभग बंद हो गए हैं। पीड़ित और आरोपी पक्ष के बयान तक डिजिटल एविडेंस के रूप में सीधे एप पर अपलोड हो रहे हैं और जांच प्रक्रिया को पारदर्शी भी बना रहे हैं, बल्कि कानूनी मोर्चे पर न्याय की आवाज बुलंद कर रहे हैं।

अफसरों का कहना है कि भारतीय न्याय संहिता बनने के बाद ई साक्ष्य प्रक्रिया ने पुलिसिंग की कई जटिलताओं को आसान करने का काम किया है। 7 साल से अधिक की सजा वाले अपराधों में इसे अनिवार्य किया गया है, ताकि सबूतों के साथ किसी भी स्तर पर छेड़छाड़ की कोई गुंजाइश बाकी न रहे। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित इस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पुलिस किसी भी घटना में मौके से जुटाए गए साक्ष्य को तुरंत सुरक्षित फॉर्म में अपलोड कर सकती है। नई व्यवस्था के तहत अब मौके के वीडियो, फोटो और यहां तक कि धारा 161 के तहत दर्ज बयान भी ई-साक्ष्य के रूप में ऐप पर अपलोड किए जा रहे हैं। सभी रिकॉर्ड हमेश्सा रक्षित रहते हैं और उन्हें किसी भी तरह से बदला नहीं जा सकता। इस प्रणाली से न सिर्फ अनुसंधान पुलिसिंग को बल मिल रहा है, बल्कि तीव्र जांच के साथ पुलिस पर साक्ष्य बदलने या हेरफेर करने के आरोप नहीं लग रहे हैं। डिजिटल साक्ष्य कानूनी ट्रैक पर अधिक भरोसेमंद माने जा रहे हैं।

बरेली पुलिस अपराधों की स्थिति में ई-साक्ष्य जुटाकर एप पर अपलोड करने में जुटी है। जनवरी से अब तक थानों में जितने भी केस रजिस्टर हुए हैं, उनमें से 97 प्रतिशत ई-साक्ष्य के दम पर ही लिखे गए। नए दरोगाओं को ई-ट्रेनिंग दी जा रही है, ताकि इस आंकड़े को 100 प्रतिशत तक ले जाया जा सके।




### मुकदमों में बयान से नहीं मुकर पाएंगे वादी और प्रतिवादी

कितने ही मामलों में देखा जाता है कि वादी-प्रतिवादी पुलिस के सामने कुछ बयान देते हैं और बाद में कानूनी लड़ाई के समय कोर्ट में बयानों से पलट जाते हैं। ऐसा होने पर किरकिरी पुलिस की होती है। आरोप लगते हैं कि जबरन बयान लिए गए या सबूतों से छेड़छाड़ की गई। ई-साक्ष्यों का कवच पुलिस को इस टेंशन से मुक्ति दिला रहा है।

- ई- साक्ष्य से तीन माह में दर्ज हुई 97 % एफआईआर
- जांच में साक्ष्य बदलने के आरोपों की चिंता हो रही दूर



> जनवरी से अब तक बरेली पुलिस ने जितने भी केस दर्ज हुए, वे सभी ई-साक्ष्य पर अपलोड हुए सबूतों के हिसाब से किए गए हैं। सबसे बड़ी खासियत यह है कि एक बार साक्ष्य अपलोड होने के बाद क्लाउड में चला जाएगा, जिसे कभी भी निकाला जा सकता है। दूसरी बात पुलिस पर साक्ष्य से छेड़खानी करने के आरोप अब खत्म हो जाएंगे। एक बार जो लोड होगा, उसे बदला नहीं जा सकेगा। - **अनुराग आर्य**, एसएसपी, बरेली

# एसएसपी ने 8 इंस्पेक्टर, 106 दरोगा कर दिए इधर से उधर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- इससे पहले गैरजनपद के रुके पुलिस कर्मियों को किया था रिलीव

**अमृत विचार:** जनपद की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने आठ निरीक्षकों और 106 उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं।

इंस्पेक्टर वरुण कुमार को कार्यालय क्षेत्राधिकारी हाईवे से हटाकर थाना क्योलड़िया में निरीक्षक अपराध बनाया गया है। वहीं, सुरेंद्र कुमार को थाना किला से हटाकर सुभाषनगर, लव सिरोही को बिथरी चैनपुर से नवाबगंज और राजबली को रिजर्व पुलिस लाइंस से भोजीपुरा भेजा गया है। जसवीर सिंह को इज्जतनगर से हटाकर क्षेत्राधिकारी नगर-तृतीय कार्यालय में तैनाती दी गई है। विपिन कुमार को क्राइम ब्रांच इन्वेस्टिगेशन विंग से मीरगंज और राजेश कुमार को हाईवे क्षेत्राधिकारी कार्यालय भेजा गया है। प्रभारी समन सेल नरेश कश्यप को थाना बिशारतगंज में निरीक्षक अपराध बनाया गया है। उपनिरीक्षकों का भी बड़े पैमाने पर बदलाव हुआ है। जिसमें श्रीनिवास को मीरगंज, सतीश कुमार को शाही और वीर सिंह को कोतवाली में वरिष्ठ उपनिरीक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा 106 दरोगाओं को विभिन्न थानों में स्थानांतरित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, इसमें कुछ स्थानांतरण शिकायतों के आधार पर भी किए गए हैं।

## चाचा की पिटाई से घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद में युवक को लाठी डंडों से पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई।

प्रेमनगर के मोहल्ला भूड़ निवासी सुरेखा के बताया कि उनके पति देव का 19 अप्रैल की शाम चचिया ससुर हरिकिशन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। चचिया ससुर ने उनको लाठी डंडों से पीटा जिससे उनके शरीर और सिर पर चोटें आई थी। उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उनकी तबियत में सुधार नहीं हुआ। मंगलवार दोपहर उनकी तबियत बिगड़ गई तो अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है जिसपर पुलिस जांच कर रही है। सीओ सिटी आशुतोष शिवम ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। आरोपी हरिकिशन पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### आनंद आश्रम में 26 से 29 तक श्री भक्तमाल कथा



बरेली, अमृत विचार : रामपुर बाग स्थित आनंद आश्रम में 26 से 29 अप्रैल तक श्री धाम वृंदावन के गौरदास महाराज श्री भक्तमाल कथा का रसपान भक्तों को कराया जाएगा। प्रतिदिन सायंकाल 3 :30 बजे से 6 :30 बजे तक कथा होगी। आनंद आश्रम प्रबंध समिति के मंत्री अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अनुज अग्रवाल भी मौजूद रहे।

### रेल कर्मचारियों की समस्याएं बताईं

बरेली, अमृत विचार : पीसीईई-एनईआर के इज्जतनगर आने पर एनई रेलवे मेंस कांग्रेस की तरफ से कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। मंडल मंत्री रजनीश तिवारी ने बताया कि ज्ञापन में लोको रनिंग स्टाफ से संबंधित कई मुद्दे उठाए गए, जिनमें एचआरएमएस के माध्यम से स्थानांतरण में व्यावहारिक कठिनाइयां, टीआरएस कार्यप्रणाली में सुधार, डीजल पावर की कमी, साप्ताहिक विश्राम की अनियमितता तथा रनिंग रूम में सुविधाओं का अभाव शामिल रहा। मैलानी शेड एवं अन्य इकाइयों में उपकरणों के रखरखाव की कमी, प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित ध्यान न दिए जाने और अव्यवस्थाओं के कारण कर्मचारियों को हो रही कठिनाइयों से भी अवगत कराया गया।

# हीट वेव से बचाव को अस्पतालों में अभी से की जाएं उचित व्यवस्थाएं

## एडीएम प्रशासन ने की विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान को लेकर मंगलवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने हीट वेव से बचाव के लिए अस्पतालों में पूर्ण व्यवस्था रखने निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में की। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देश दिए कि वे अस्पतालों में हीट वेव से बचाव के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डेंगू और मलेरिया का प्रकोप बढ़ रहा है, जिसकी मॉनिटरिंग सीधे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा की जा रही है। किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए।नालियों की नियमित सफाई, झाड़ियों की कटाई (बुश कटिंग), एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएं, जिससे मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके।



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करतीं पूर्णिमा सिंह। ● अमृत विचार

- नालियों की सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव करने के निर्देश

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन हैंडपंपों से दूषित पानी आ रहा है, उनका चिन्हांकन कर लाल निशान लगाया जाए और स्थानीय लोगों को उस पानी के उपयोग से बचने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि एंटी लार्वा स्प्रे करने वाले कर्मियों को इसकी सही मात्रा और तकनीक की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में बच्चों को पूरी बांह के कपड़े पहनने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की फील्ड गतिविधियों की फीडिंग ई-कवच पोर्टल पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विश्राम सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कमल किशोर पांडे, समस्त एमओआईसी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चकबन्दी रिकॉर्ड में फर्जीवाड़े का लगाया आरोप

**बरेली, अमृत विचारः** बहेड़ी के ग्राम डंडिया नगला में करोड़ों की भूमि पर चकबन्दी प्रक्रिया के दौरान बड़े खेल का मामला सामने आया है।

ग्राम भोजपुर निवासी उर्मिला देवी ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विपक्षी ने विभाग के साथ साठगांठ कर गाटा संख्या 125 (रकबा 1.0240 हेक्टेयर) में फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज करा लिया है। यह जमीन उसकी वसीयत और पारिवारिक विरासत का हिस्सा है, जिसे बिना किसी जांच या नोटिस के विपक्षी के नाम कर दिया गया।

उर्मिला देवी के अनुसार, विपक्षी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर इस भूमि का दानपत्र अपनी पत्नी कलावती के नाम भी करा दिया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की आकार पत्र पांच के कॉलम संख्या 11 में दर्ज विपक्षी के नाम को तत्काल निरस्त किया जाए और राजस्व अभिलेखों में उनका वास्तविक मालिकाना हक बहाल किया जाए। मामले में डीएम ने संबंधित अधिकारी को जांच कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए है।

# 20 दिन में 60 से अधिक ट्रांसफार्मर फुंके, वसूली एक भी अफसर से नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गर्मी की शुरुआत के साथ ही बिजली व्यवस्था पर संकट गहराने लगा है। विभाग ने भले ही सर्दियों में अनुरक्षण कार्य कर गर्मियों में बेहतर आपूर्ति के दावे किए थे, लेकिन हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। महज 20 दिनों में जिले में 60 से अधिक ट्रांसफार्मर ओवरलोड और ओवरहीटिंग के कारण फुंक चुके हैं। कॉर्पोरेशन अध्यक्ष के अफसरों से वसूली आदेशों को भी हवा में उड़ा दिया गया है।

दरअसल, पावर कॉर्पोरेशन ने बिजली आपूर्ति में सुधार और सरकारी धन की बर्बादी रोकने के लिए ट्रांसफार्मर के दगने, फटने या जलने (क्षतिग्रस्त होने) पर उसकी मरम्मत का खर्च जिम्मेदार इंजीनियरों से वसूलने का निर्देश कॉर्पोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने सभी डिस्कॉम के एमडी को दिए थे। इस आदेश के तहत अवर अभियंता से लेकर अधीक्षण अभियंता तक की जवाबदेही तय की गई थी। वित्तीय वसूली के साथ-साथ जिम्मेदारों को नियम 10 के तहत कारण बताओ नोटिस भी जारी किए जाने का प्रावधान है। आदेश के मुताबिक, ट्रांसफार्मर की क्षमता के आधार पर वसूली का प्रतिशत तय किया गया था। 10 से 63 केवीए के ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने पर जेई से 50 प्रतिशत, एसडीओ से 30 प्रतिशत और एक्सईएन से 20 प्रतिशत से वसूली का दावा किया गया था। लेकिन, जिले में 20 दिनों में करीब 60 ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद भी एक भी जेई या एसई से वसूली नहीं की गई।लगातार ट्रांसफार्मर फुंकने से कई मोहल्लों और गांवों में लंबे समय तक बिजली गुल रहती है। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है।



- ट्रांसफार्मर फुंकने पर जेई-एसई से वसूली का आदेश हवा में उड़ाया

# भ्रष्टाचार में राजस्व व शिक्षा विभाग आगे चार माह में आठ कर्मचारी रंगे हाथ पकड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** भ्रष्टाचार के मामलों में पुलिस से ज्यादा राजस्व और शिक्षा विभाग के कर्मचारी घेरे में हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की कार्रवाई में चार माह में आठ लोगों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

आंकड़ों के मुताबिक, बेसिक शिक्षा विभाग भ्रष्टाचार के मामलों में दूसरे स्थान पर है। यहां कर्मचारियों द्वारा छोटे-छोटे कार्यों से लेकर स्पष्टीकरण तक के नाम पर रुपये वसूलने के आरोप सामने आ रहे हैं। हाल ही में शाहजहांपुर में दो कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया, जिससे यह मुद्दा और गरमा गया है।

- पुलिस पर उठे सवाल, बेसिक शिक्षा विभाग दूसरे स्थान पर नोटिस तक के लिए वसूली

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के अधिकारियों का कहना है कि लगातार शिकायतें मिलने के बाद ट्रैप कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2024 में 31 बाबू समेत अन्य कर्मचारी रिश्वत लेते हुए पकड़े गए थे, जबकि 2025 में यह संख्या 28 तक पहुंच चुकी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### ऐसे करें शिकायत

यदि आपसे कोई सरकारी कर्मचारी रिश्चत की मांग करता है तो उसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन में कर सकते है। इसके लिए आपको एक शिकायत पत्र लिखकर उन्हें देना है। जिसके बाद वह आपकी मदद करेंगे और भ्रष्ट लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार करेंगे। इनका ऑफिस पुलिस लाइन के पास है, और वह यहां से जोन में काम करते है।

# मौलाना आजाद में सफाई सुधरी, चाय-नाश्ते ने छुड़ाए पसीने

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** जनगणना-2027 के प्रशिक्षण के दूसरे दिन जिला जनगणना अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने खुद कमान संभाली। 'अमृत विचार' में छपी खबर का संज्ञान लेते हुए वे सुबह ही मौलाना आजाद इंटर कॉलेज पहुंचे और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उनके निरीक्षण का असर यह रहा कि कॉलेज में सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली और सभी कक्षाओं में प्रोजेक्टर चलते पाए गए। वहीं, जीआईसी में सोमवार की तरह मंगलवार को भी व्यवस्थाएं चकाचौंध रहीं।

मंगलवार को सुधार के दावों के बीच मौलाना आजाद कॉलेज में चाय-नाश्ते का संकट दूसरे दिन भी बना रहा। प्रशिक्षण के बीच समय पर चाय न मिलने से शिक्षकों में रोष दिखा। दोपहर 12 बजे जब मामूली बिस्कुट बांटे गए, तो कर्मचारियों ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। हालांकि, दोपहर के भोजन की गुणवत्ता में सुधार ने नाराजगी को थोड़ा कम किया।अधिकारियों ने शाम तक व्यवस्था दुरुस्त करने का वादा तो किया, लेकिन शाम को फिर से चाय-नाश्ता गायब रहने से प्रशासनिक दावों की पोल खुल गई।

जिला जनगणना अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की कमी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां भी खामियां मिली हैं, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, इसमें प्रगणकों का मनोबल बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। जो केंद्र प्रभारी या वेंडर लापरवाही बरत रहे हैं, उन पर कार्रवाई होगी, लेकिन साथ ही प्रशिक्षण से बिना अनुमति गायब रहने वाले कर्मचारियों को भी बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



प्रशिक्षण लेते शिक्षक व कर्मचारी। ● अमृत विचार

- अव्यवस्थाओं का पता चलने पर सुबह ही पहुंचे जनगणना अधिकारी
- सफाई और तकनीकी खामियों को दूर कराकर शुरू कराया प्रशिक्षण

# जनगणना में लगाई शिक्षकों की डयूटी, पढ़ाई हो रही प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बड़ी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में लगाए जाने से कक्षाओं में शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है। बीएसए ने अपर जिला मजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर जनगणना की डयूटी से मुक्त कराने को कहा है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. विनीता ने पत्र में कहा कि खंड शिक्षा अधिकारियों की तरफ से बताया गया है कि शिक्षक-शिक्षिकाओं और अन्य कर्मचारियों की डयूटी जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण, एवं पर्यवेक्षकों के रूप में लगाई गई है। कुछ विद्यालयों के सभी कर्मचारियों की डयूटी लगा दी गई है जिसके चलते कई जगह पर विद्यालय बंद हो गए हैं। उन्होने पत्र में कहा है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय में शिक्षण कार्य के साथ विभागीय योजनाए जैसे स्कल चलो अभियान के तहत नवीन पंजीकरण, एमडीएम वितरण आदि काम किए जा रहे है। उन्होने शिक्षक और कर्मचारियों को कार्य से मुक्त करने की अपील की जिससे विभागीय काम के साथ पढ़ाई भी होती रहे।

- बीएसए ने अपर जिला मजिस्ट्रेट को पत्र लिखकर जनगणना डयूटी से मुक्त कराने को कहा

## सिटी डायरी

### उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर लगा स्वास्थ्य शिविर



बरेली : अमृत विचार : उर्स-ए-ताजुश्शरिया के मौके पर मंगलवार को कोहाड़ापीर फय्याज बिल्डिंग के पास नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मरकज ए अहले सुन्नत वेलफेयर ट्रस्टके तत्वाधान में किया गया। ट्रस्ट के सदर मोहसिन हसन खान ने बताया कि लोगों की सहूलियत के लिए शहर के अन्य स्थानों पर भी इस तरह के शिविर जल्द आयोजित किए जाएंगे। शिविर प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि डॉ. अक्षत बॉस ने 196 लोगों की आंखों की जांच की। डॉ. संजीव कुमार,डॉ. अबू सईद, डॉ. शरिक सिद्दीकी ,डॉ. कहकशां खान,डॉ. मुजाहिद खान व डॉ. सूर्य नाराय आदि ने स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर मेंहस्सान रज़ा, नेत्र परीक्षक जितेंद्र सिंह, चांद बाबू, गोदपाल यादव, मुनीश शर्मा, इमरान रज़ा, संजू रस्तोगी, शाहनवाज रज़ा,आफताब रज़ा,साजिद रज़ा,जुनैद रज़ा,मुजफ्फर रज़ा आदि का विशेष सहयोग रहा।

### अनीस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में नेफ्रोलॉजी सेवाओं का विस्तार




बरेली, अमृत विचार : अनीस सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड फहमी आईवीएफ सेंटर ने स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करते हुए अत्याधुनिक नेफ्रोलॉजी विभाग की शुरुआत की है, जिससे अब स्थानीय मरीजों को किडनी से जुड़ी जटिल बीमारियों के लिए बड़े शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। अस्पताल के प्रबंधक डॉ. अनीस बेग के अनुसार, मधुमेह और उच्च रक्तचाप के बढ़ते मामलों के कारण किडनी रोगियों की संख्या में इजाफा हो रहा है, जिसे देखते हुए एमबीबीएस, एमडी और डीएम (नेफ्रोलॉजी) प्रशिक्षित विशेषज्ञों की टीम तैनात की गई है। नवनियुक्त विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद आमिर अंसारी के नेतृत्व में यहां एक्यूट व क्रॉनिक किडनी रोग, डायलिसिस, इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन और गर्भावस्था से संबंधित किडनी विकारों का प्रभावी उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. शोएब, डॉ. फहमी, डॉ. जावेद और आईएमए अध्यक्ष डॉ. ग्यासुल रहमान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### उद्योग जगत के रक्तदान और नेत्र जांच शिविर में उमड़े लोग



बरेली, अमृत विचार : परसाखेड़ा स्थित बीएल एग्रो ऑयल्स लिमिटेड में मंगलवार को सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) बरेली चैप्टर, आईवाईसी-आईआईए यंगप्रेन्योर सेल और बीएल एग्रो के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। आईएमए ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर और कैलाश अस्पताल की टीम द्वारा नेत्र जांच की गई। करीब 60 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि 150 से अधिक लोगों ने नेत्र जांच कराई। मुख्य अतिथि आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने सराहना की। आईआईए बरेली चैप्टर के चेयरमैन मयूर धीरवानी ने कहा कि संस्था सामाजिक जिम्मेदारियों को भी प्राथमिकता दे रही है। आईवाईसी कैप्टन धनंजय विक्रम सिंह ने रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। आईएमए की डॉ. पारुल प्रिया, डॉ. रूपक गुप्ता और उनकी टीमों की अहम भूमिका रही। कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवारों को आंवला सांसद नीरज मौर्य ने बंधाया ढांढस



बरेली, अमृत विचार : आंवला के ग्राम ढकिया में पिछले दिनों हुए भीषण अग्निकांड के बाद पीड़ितों की सुध लेने सांसद नीरज मौर्य मंगलवार को पहुंचे। आग में धारा सिंह लोधी, शिवकुमार और मुंशीलाल के आशियाने पूरी तरह जलकर राख हो गए थे। विस्तर, राशन समेत अन्य सामान भी जल गया था। पशुओं की भी इस अग्निकांड में मृत्यु हो गई। सांसद नीरज मौर्य ने शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन के माध्यम से उन्हें जल्द से जल्द समुचित सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सांसद ने प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर नुकसान का आकलन करने और प्रभावितों को राहत सामग्री प्रदान करने को कहा। सपा नेता नेता पीयूष वर्मा, डॉ. नरेंद्र गौतम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरेली से होकर गुजरेगी चंडीगढ़-हावड़ा स्पेशल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए चंडीगढ़-हावड़ा के बीच एक विशेष आरक्षित एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन संख्या 04516/04515 के रूप में एक-एक फेरे के लिए संचालित होगी। 04516 चंडीगढ़ से 25 अप्रैल को रवाना होगी, जबकि 04515 हावड़ा से 27 अप्रैल को चलेगी। ट्रेन में स्लीपर और जनरल कोच लगाए जाएंगे।

बरेली के यात्रियों के लिए यह ट्रेन खास राहत लेकर आई है। चंडीगढ़ से चलने वाली 04516 स्पेशल एक्सप्रेस बरेली स्टेशन पर सुबह 7:50 बजे पहुंचेगी और 7:52 बजे रवाना होगी। वहीं वापसी में 04515 हावड़ा-चंडीगढ़ स्पेशल बरेली सुबह 9:23 बजे पहुंचेगी और 9:25 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मुरादाबाद, सहारनपुर, वाराणसी और गया जैसे प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इससे बरेली क्षेत्र के यात्रियों को पूर्वी भारत, खासकर हावड़ा जाने के लिए अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक महेश यादव ने बताया कि यह स्पेशल ट्रेन गर्मी के मौसम में बढ़ती भीड़ को कम करने और यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा से पहले समय सारिणी की जानकारी अवश्य जांच लें।




- गर्मी के दौरान यात्रियों को होगी सहूलियत

### 24 से संगम एक्सप्रेस का नियमित ठहराव

बरेली, अमृत विचार : मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा शुरू की जा रही है। गाड़ी संख्या 14164/14163 मेरठ सिटी-सूबेदारगंज-मेरठ सिटी संगम एक्सप्रेस का अब गुलावठी रेलवे स्टेशन पर नियमित ठहराव होगा। यह व्यवस्था 24 अप्रैल से लागू होगी। नए समय के अनुसार, मेरठ सिटी से चलने वाली गाड़ी संख्या 14164 संगम एक्सप्रेस गुलावठी स्टेशन पर रात 20 :05 बजे पहुंचेगी और 20 :07 बजे रवाना होगी। वहीं, सूबेदारगंज से चलने वाली गाड़ी संख्या 14163 सुबह 04 :51 बजे गुलावठी पहुंचेगी और 04 :53 बजे आगे बढ़ेगी।

# लंबी दूरी की बसों पर भेजा जा रहा सिर्फ एक चालक

**बरेली, अमृत विचार :** रोडवेज मुख्यालय से आदेश हैं कि तीन सौ किलोमीटर से ऊपर की बस सेवा में दो चालक भेजे जाएं लेकिन बरेली रीजन से दिल्ली, चंडीगढ़, देहरादून, अजमेर, जयपुर समेत अन्य लंबे रूटों पर दो की जगह एक ही चालक को भेजा जा रहा है।

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय मंत्री रविन्द्र कुमार ने बताया कि रोडवेज परिषद् द्वारा कई बार अधिकारियों को ज्ञापन देकर दो चालक भेजने को कहा है लेकिन आदेश का पालन नहीं कराया जा रहा है।

# बंदरों के खौफ ने ली एक और बुजुर्ग की जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** इज्जतनगर क्षेत्र में बंदरों के आतंक ने एक और जान ले ली है। शनिवार को बंदरों के हमले से बचने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हुए 60 वर्षीय बुजुर्ग पोपेंद्र वीर सिंह की मंगलवार को दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

मृतक के भाई योगेंद्र के अनुसार, शनिवार सुबह पोपेंद्र छत पर बंदरों को भगाने गए थे, तभी झुंड ने उन्हें दौड़ा लिया। घबराहट में सीढ़ियों से गिरते समय उनके सिर में घातक चोट आई थी। बरेली के निजी अस्पताल से रेफर किए जाने के बाद उन्होंने दिल्ली में दम तोड़ दिया। बता दें पहले भी बरेली के विभिन्न इलाकों में बंदरों के कारण कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं या गंभीर रूप से दिव्यांग हो चुके हैं। कई वार्डों में लोग अकेले छत पर जाने से कतराते हैं। कपड़े सुखाने जैसे सामान्य काम के लिए भी दूसरे सदस्य को सुरक्षा के लिए डंडा लेकर साथ खड़ा रहना पड़ता है। नगर निगम बोर्ड की बैठकों में पार्षदों की ओर से भी बंदरों को पकड़ने का मुद्दा कई बार उठाया जा चुका है, लेकिन हर बार केवल कागजी आश्वासन ही हाथ लगे हैं। धरातल पर बंदर पकड़ने का अभियान न चलने से आवारा बंदरों की संख्या और उनका आक्रामक व्यवहार बढ़ता जा रहा है।

- आशुतोष सिटी के पोपेंद्र वीर सिंह ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

# उपचुनाव की घोषणा से पहले मतदाता सूची पर सपा का फोकस

**बरेली, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने फरीदपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को चुनावी मोड में आने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष के पत्र में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग किसी भी समय उपचुनाव की घोषणा कर सकता है, इसलिए कार्यकर्ता मतदाता सूची का बारीकी से सत्यापन करें। नामांकन के अंतिम दिन से 10 दिन पहले तक ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अवसर है। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी समर्थक वोट डालने से वंचित न रहे। चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नाम कटने की प्रक्रिया पर रोक लग जाएगी, इसलिए पार्टी ने छूटे हुए नामों को सूची में शामिल कराने के लिए अभियान चलाने को कहा है।

# रोडवेज कर्मचारी संघ में शामिल हुए वर्कशाप के पदाधिकारी



रोडवेज कर्मचारी संघ में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली।** सेन्ट्रल रीजन वर्कशाप कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गंगवार, क्षेत्रीय मंत्री अशोक कुमार लोधी ने मंगलवार को 50 सदस्यों के साथ उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की सदस्यता ग्रहण की।

रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने सेन्ट्रल रीजनल वर्कशाप कर्मचारी संघ के सभी प्रतिनिधियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। देवेन्द्र सिंह गंगवार ने रोडवेज कर्मचारी संघ के विचारों और संगठन के नेतृत्व की प्रशंसा की। राधे मोहन, भरत पाल, अशोक कुमार, परम किशोर और शाने हैदर ने विचार रखे। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री रवि प्रकाश, कौशल, शुभम गौतम, अम्वरीश सक्सेना, सुशील कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### बरेली ने बदायूं को 26 रन से हराया

बरेली, अमृत विचार : प्रशांत पटेल स्टेडियम में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से आयोजित बरेली मंडल अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में बरेली ने बरेली ने पहले बल्लेबाजी कर 45 ओवर में छह विकेट खोकर 211 रन बनाए। बदायूं की टीम 33 ओवर में 185 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बरेली ने 26 रन से मैच जीत लिया। मैच का उद्घाटन सचिव सीताराम सक्सेना, क्षेत्र अध्यक्ष साफर अली, उपाध्यक्ष राजन स्वरूप, कोच ओपी कोहली ने किया।

### पुलिस पर सामान गायब कराने का आरोप

बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार : फरीदपुर के बीसलपुर रोड स्थित राणा कॉलोनी में विमलेश अपनी बेटी के साथ रह रही हैं। मकान को लेकर न्यायालय में विवाद चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि 19 अप्रैल को फरीदपुर पुलिसआई और ताला लगवा दिया। फिर ताला तुड़वाया, इसके बाद सामान गायब हो गया। उन्होंने मामले की शिकायत अधिकारियों तक की है।

# 25 अप्रैल तक झेलें भीषण गर्मी, 27 को बारिश की फुहारें दिलाएंगी राहत

## मंगलवार को पारा गिरकर 39 डिग्री सेल्सियस पर आया पर लू ने नहीं छोड़ा पीछा

- मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों में तापमान में 3 डिग्री उछाल की संभावना

कार्यालय संवाददाता, बरेली


गर्मी से बचने को दुपट्टे लपेटें महिलाएं। ● अमृत विचार


खुद तो बचना ही है बच्चे को भी गर्मी से बचाना है। ● अमृत विचार

अमृत विचार: सूरज के तेवर तल्ख बने हुए हैं, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। मंगलवार को बरेली का अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सोमवार के 40.3 डिग्री के मुकाबले कम रहा। इसके बावजूद, आसमान से बरसती आग और 40 से 50 किमी/घंटा की रफ्तार से चलने वाली गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया।

मौसम विभाग के अनुसार, हवाओं की तेज गति के कारण वायुमंडलीय विसरण बढ़ा है, जिससे पारे में आंशिक गिरावट तो हुई, लेकिन लू के थपेड़ों ने लोगों की मुश्किलें कम नहीं होने दीं । मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य के करीब बना हुआ है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। निचले क्षोभ मंडल में गर्म हवाओं के प्रवाह के कारण आगामी 25 अप्रैल तक मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान तापमान में दो से तीन डिग्री की और बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिससे भीषण लू का प्रकोप बढ़ेगा। राहत की उम्मीद 26 अप्रैल से दिखाई दे रही है, जब एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से 27 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी और हल्की बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में फिर से गिरावट आ सकती है। उन्होंने लोगों से गर्मी और लू से सावधान रहने की अपील की।

# जगाए नई सोच और नए सरोकार अमृत विचार बना ज्ञान का द्वार



## भूड़ कन्या कॉलेज में पढ़ा समाचार पत्र

बरेली: आर्यसमाज भूड़ में श्री महावीर प्रसाद सक्सेना कन्या इंटर कॉलेज में मंगलवार को अमृत विचार की टीम के सुमित शर्मा और संदीप सिंह ने अखबार को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बताया गया कि अखबार से ज्ञानवर्धक जानकारी मिलती है जो प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक होगी। छात्रा स्नेहा सक्सेना ने प्रार्थना सभा में अखबार पढ़कर सुनाया। इस मौके पर शिक्षिकाएं सुनीता देवी, उपासना गंगवार, गीता देवी, किरन देवी, उमा त्यागी, राधा, नीरज सक्सेना, सुनीता भारती, आरती गंगवार, सुकृति के अलावा छात्राएं स्नेहा सक्सेना, परीक्षा, खुशी, राधा, गौरी, तैबा, मुस्कान और ईशानी मौजूद रहीं।



समय-समय पर स्कूलों में ऐसे आयोजन होने से बच्चों का मानसिक विकास होता है। अमृत विचार बच्चों को अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है, ताकि उन्हें देश-दुनिया की जानकारी रहे।
– डा. दीपाली बुधोरिया, प्रधानाचार्य

## नालंदा पब्लिक स्कूल अखबार बढ़ाने के लिए करेगा प्रेरित

बरेली: पीलीभीत बाईपास के डोहरा रोड स्थित नालंदा पब्लिक स्कूल में मंगलवार सुबह अमृत विचार की टीम पहुंची। टीम का नेतृत्व रुपेंद्र मौर्य और अनुपम सक्सेना, रामाश्रय गुप्ता ने किया। टीम ने छात्रों को अखबार के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। कक्षा 7 के छात्र आरब पटेल ने अमृत विचार प्रार्थना सभा में पढ़कर सुनाया जिससे छात्रों में अखबार पढ़ने की प्रावृत्ति जागृत हुई। शिक्षक अनंत प्रकाश जौहरी, पूजा अरोड़ा, प्रिया पाली, शिवा रस्तोगी, सिन्धु अग्रवाल, हरीश पाल आदि का सहयोग रहा। प्रिशा, हिमांशी, कृष, चिराग, खुशी, पायल, अनुदर्श आदि छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे।



नालंदा पब्लिक स्कूल अखबार को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा। अमृत विचार की टीम का विद्यालय में आना, छात्रों को अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित करना सराहनीय है। अखबार पढ़ने से बच्चों का सामान्य ज्ञान बेहतर होगा।
–दिव्यांश सक्सेना, प्रधानाचार्य



अगर आप भी जुड़ना चाहते हैं इस मुहिम से तो संपर्क करें - editorschoice@amritvichar.com

# सोमनाथ मंदिर की सांस्कृतिक विरासत संरक्षित करना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


रोहिलखंड विश्वविद्यालय शिक्षा विभाग में विचार गोष्ठी में अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ. प्रेम पाल सिंह ने कहा कि यह पर्व समाज को सोमनाथ मंदिर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने भगवान शिव से जुड़े विविध प्रतीकों जैसे अर्धचंद्र, जटा, गंगा, त्रिनेत्र, नाग, रुद्राक्ष, भस्म, त्रिशूल, डमरू, व्याघ्र चर्म एवं नंदी का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का संदेश दिया। प्रोफेसर आशुतोष प्रिय ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति की पहचान कर उसे स्वाभिमान के रूप में आत्मसात करना चाहिए।

विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ मंदिर के बार-बार पुनर्निर्माण की तरह जीवन में भी निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। कुलपति प्रोफेसर केपी सिंह ने मार्गदर्शन किया। डॉ. सुधीर कुमार वर्मा, डॉ. मीनाक्षी द्विवेदी, डॉ. रामबाबू सिंह, रश्मि रंजन, विमल कुमार, डॉ. कीर्ति प्रजापति,प्रिया शुक्ला सहित अनेक शोधार्थी उपस्थित रहे। संचालन एमएड की छात्रा जयति शुक्ला ने किया।

## उफ! गर्मी


गर्मी से बचने का यही सबसे अच्छा उपाय है। पुराने रोडवेज बस अड्डे पर खुद ही नल चलाकर नहाता बच्चा। ● फोटो हरदीप सिंह टोनी

# 'गालो मुस्कुरालो' ने मनाया छठवां स्थापना दिवस


स्थापना दिवस पर पत्रिका का लोकार्पण करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: संगीत को समर्पित संस्था गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी ने मंगलवार को अपना छठवां दिवस लोक खुशहाली सभागार में मनाया। मुख्य अतिथि वसीम बरेली खराब स्वास्थ्य के कारण उपस्थित नहीं हो सके।

इस अवसर पर सोसाइटी ने त्रैमासिक पत्रिका जारी की। पत्रिका में संस्था के मुख्य कार्यकलापों और उद्देश्य को दर्शाया गया है। कार्यक्रम अध्यक्ष अशोक सक्सेना ने बताया कि संस्था ज्यादा लोगों को जोड़ना चाहती है ताकि वे गायन से मानसिक तनाव काम कर सकें। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद पागरानी और रो. किशोर कटरु ने अध्यक्षता की। सचिव अरुण शर्मा, उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, कोषाध्यक्ष एसपी ओबेराय ,रतन शर्मा ,पंकज मिश्रा ,विकास जोहरी ,परविंदर होरा ,अमित शर्मा ,एसएन गुप्ता,सुदेश भास्कर,कंचन,माला ,किरण ,प्रियंका आदि ने भाग लिया। संचालन अजय राज शर्मा ने किया।

# नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

- बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी एवं रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी में चल रहा था कार्यक्रम

अमृत विचार: बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी एवं रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित ' नारी शक्ति वंदन अधिनियम' विषयक कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ।

कार्यक्रम के विभिन्न दिनों में नारी सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता को बढ़ावा दिया गया तथा छात्राओं ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय देते हुए नारी शक्ति के विविध स्वरूपों को प्रस्तुत किया। अंतिम चरण में आकर्षक नारी श्रृंखला का निर्माण किया। छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं लैंगिक असमानता पर सशक्त संदेश प्रस्तुत किया। संयोजक प्रशांत शर्मा का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य डॉ. पुष्पेंद्र कन्नौजिया ने कहा कि नारी सम्मान एवं सशक्तिकरण केवल एक विषय नहीं, बल्कि एक सतत सामाजिक प्रक्रिया है। कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नारी श्रृंखला एवं नुक्कड़ नाटक न केवल उनकी रचनात्मकता का परिचायक हैं, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा भी देते हैं। कुलसचिव डॉ. सुशील ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उन्हें सामाजिक मूल्यों से जोड़ते हैं। समन्वयन डॉ. अलका यादव के मार्गदर्शन में अनीता यादव और मेघा पांडेय द्वारा किया गया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अतिथि व्याख्यान

बरेली, अमृत विचार : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को नारी शक्तिवंदन अधिनियम विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता बरेली कॉलेज में राजनीति विज्ञान विभाग की प्रो. नीलम गुप्ता ने कहा कि विधायिका जैसे निर्णायक संस्थानों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व अनिवार्य है। नारी शक्तिवंदन अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को सक्रिय राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से चुनाव लड़कर निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में सम्मिलित करना है। उन्होंने छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। अतिथि प्रवक्ता सोनिया हुसैन, शोधार्थी अमित कुमार एवं सुमित कुमार का सहयोग रहा।

# सगे भाइयों ने लहराया परचम जीते स्वर्ण और कांस्य पदक

कार्यालय संवाददाता, बरेली


मुकाबला करते खिलाड़ी।

- भोपाल में आयोजित हुआ ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जू-जित्सु

अमृत विचार : महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी जू-जित्सु (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

दीक्षांत ने 62 किग्रा भार वर्ग की 'नेवाजा स्टाइल' स्पर्धा में उस्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि उनके भाई दिग्विजय ने 69 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है, जिससे वे और अधिक ऊंचाइयां प्राप्त कर सकें। क्रीड़ा सचिव एसएस बेदी ने कहा कि कठिन विधा में पदक जीतना खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण को दर्शाता है। विश्वविद्यालय खेल क्षेत्र में निरंतर प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। कुलसचिव हरीश चंद, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# निशुल्क मिलेंगे विद्युत चलित चाक

बरेली, अमृत विचार : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि उ.प्र माटीकला बोर्ड की तरफ से परंपरागत कारीगरों को आधुनिक तकनीक से युक्त विद्युत चालित चाक निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस योजना का उद्देश्य कुम्हारी कला से जुड़े शिल्पियों की आय में वृद्धि एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि चयनित लाभार्थियों को वितरण से पूर्व शाहजहांपुर स्थित मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र में तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। लाभार्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा।आवेदनकर्ता उत्तर प्रदेश का मूल निवासी एवं 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग का होना चाहिए। आर्थिक रूप से कमजोर एवं तकनीकी ज्ञान रखने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आवश्यकता है
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

# डॉ. निशांत गुप्ता की पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य जांच शिविर आज

कार्यालय संवाददाता, बरेली


स्व. डॉ. निशांत गुप्ता।

- शिविर में ब्लड शुगर एवं ईसीजी की जांच नि:शुल्क की जाएगी

अमृत विचार: डॉ. निशांत गुप्ता की द्वितीय पुण्यतिथि पर बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन गंगाशील अस्पताल में किया जाएगा। इसमें ब्लड शुगर एवं ईसीजी. की जांच निशुल्क की जाएगी।

गंगाशील अस्पताल की कार्यकारी निदेशिका डॉ. शालिनी माहेश्वरी ने बताया कि डॉ. निशांत गुप्ता की द्वितीय पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि स्वरुप निशुल्क हृदय, स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। डॉ. निशांत ने अपने जीवनकाल में (16 वर्षों में) लगभग 22 हजार मरीजों का इलाज किया था। उनकी स्मृति में गंगाशील अस्पताल का हृदय रोग विभाग निरंतर अपनी सेवाएं दे रहा है। अस्पताल में एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी, बीएमवी, पेसमेकर, तावी , बाईपास सर्जरी, वाल्व के आपरेशन दिल के छेद के ऑपरेशन, टॉफ इत्यादि की जा रही है।

कैंप में डॉ. विशाल अग्रवाल, कार्डिओ थोरेसिक, वैस्कुलर सर्जन, डॉ. राहुल सिंह, कार्डियोलॉजिस्ट एवं डॉ. मो. कलीम, कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जायेगा। एक्स -रे एवं इको कार्डिओग्राफी में 50 प्रतिशत की छूट, खून की सभी जांचो में 25 प्रतिशत की छूट एवं एंजियोग्राफी की जांच 6000 रुपये में की जाएगी।

# किसानों को खाद को लेकर किया जागरूक

बरेली, अमृत विचार : मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को बिथरी चैनपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बेनीपुर सादात में एक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निर्देशानुसार केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर द्वारा आयोजित किया गया।

प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी डॉ. एम.पी. सागर, वैज्ञानिक डॉ. विनय कुमार, तकनीकी अधिकारी सत्यराम मीना और अरुण कुमार ने किसानों को मृदा परीक्षण, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। बताया गया कि बिना मृदा परीक्षण के रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, इसलिए हर तीन वर्ष में मिट्टी की जांच कराना आवश्यक है। रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए जैविक खाद, कम्पोस्ट और हरी खाद के उपयोग को बढ़ावा देने की सलाह दी।

# डीपीएस, केपीएस ने जीते उद्घाटन मैच

- श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन 2 आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बरेली



खिलाड़ी को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में मंगलवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन टू आरंभ हुआ। उद्घाटन मैच में डीपीएस ने पेनाल्टी शूटआउट में एयर फोर्स स्कूल को 3-1 से पराजित किया। दूसरे मैच में कृष्णा पब्लिक स्कूल ने जिंगल बेल्स को 1-0 से हराया। जयपुरिया स्कूल की टीम के न आने पर सोबती पब्लिक स्कूल को वॉकओवर मिला।

बरेली जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अमरजीत सिंह बख्शी ने कहा कि यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों को क्षमता दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करता है। कोच नसीम अख्तर ने बेहतरीन प्रदर्शन का आह्वान किया। आदित्य मूर्ति ने कहा कि यह टूर्नामेंट छात्रों को खेल क्षमताएं साबित करने का बड़ा अवसर है। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल डा. प्रभाकर गुप्ता ने प्रतियोगिता के बारे में बताया। जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिन्सन,आयोजन सचिव डॉ. पुष्पेंद्र यादव, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, बालीबाल कोच डा.नितिन सक्सेना, स्पोर्ट्स ऑफिसर शंकरपाल सिंह गंगवार उपस्थित रहे। संचालन डा.आशीष कुमार ने किया।

## सोबती और बासुबरल की टीमें क्वार्टर फाइनल में

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोबती पब्लिक स्कूल और बासुबरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। सोबती की टीम ने काजी हमजा ने 65 गेंदों में 11 चौकों की मदद से 65 रन की मदद से 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 97 रन बनाए। हांडा पब्लिक स्कूल 17 .3 ओवर में 92 रन बना सका। सोबती पब्लिक स्कूल ने 5 रन से मैच जीत कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैचे में बासु बरल ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। राधा माधव पब्लिक स्कूल की टीम 18 .3 ओवर में 140 रन बना सकी। टूर्नामेंट के ऑर्गनाइजिंग कमेटी के प्रेसिडेंट डा .प्रभाकर गुप्ता, ऑर्गनाइजिंग कमेटी के सेक्रेटरी डा .शोभित सक्सेना और डिप्टी सेक्रेटरी इंजीनियर निपुन पांडेय ने मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की।